कार्यालय, पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर

Email : panjiyak8ppp@gmail.com Ph. : 0151-2226570

क्रमांकः शिविरा/प्रारं/पंविप/5वीं–8वीं/विविध/2019 दिनांकः 29.02.2020

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त

विषयः प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2020 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5), 2020 परीक्षा आयोजन की तैयारियों व व्यवस्था बाबत
प्रसंगः इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांकः 27.2.2020

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय द्वारा जारी प्रसंगोक्त पत्र के निम्न बिन्दुओं में संशोधन किया जाता है।

बिन्दु संख्या 2 में वर्णित प्रपत्रों के बाबत यह संशोधन किया जाता है कि यथा समय शाला दर्पण पोर्टल पर प्री–फीडेड प्रपत्र सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र/संग्रहण केन्द्र के लॉगिन पर उपलब्ध करवा दिया जायेगा। जिन परीक्षा केन्द्रों पर प्रिन्ट आउट की सुविधा नहीं हैं, वे उक्त प्रपत्र संग्रहण केन्द्र से प्राप्त कर सकेंगे।

रिक्त फॉर्मेट (Blank Format) का प्ररूप शाला दर्पण के कक्षा 5 एवं 8 के परीक्षा टैब के होम पेज पर उपलब्ध करवा दिया जायेगा। वे रिक्त फॉर्मेट जो प्रि–फीडेड नहीं होंगे उन्हें सम्बन्धित अधिकारी अपने कार्यालय से प्राप्त करेंगे। परीक्षा के सम्बन्ध में कुछ सूचनाएँ ऑफ लाइन न लेकर ऑनलाइन ही संकलित की जायेगी जिसका माड्यूल समय रहते उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

बिन्दु संख्याः 3 में वर्णित गोल मोहर के प्रयोग बाबत यह स्पष्ट किया जाता है कि गोल मोहर का प्रयोग कक्षा 8 की उत्तरपुस्तिकाओं के मुख पृष्ठ पर ही किया जाये। कक्षा 5 के मूल्यांकन प्रपत्रों में गोल मोहर की आवश्यता नहीं है।

पंजीयक,
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ,
राजस्थान, बीकानेर

Scanned by CamScanner